




# स्कूलों का समय बदला, कल से 7 से 12 बजे तक ही चलेंगी कक्षाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने गुरुवार को इसका आदेश जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि झारखंड में चलने वाली सभी श्रेणी के स्कूल सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी प्राइवेट स्कूलों में अगले आदेश तक के लिए केजी से 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होंगी। नौवीं से 12वीं तक की कक्षाएं सुबह 7 बजे से 12 बजे तक चलेंगी। रांची का अधिकतम तापमान शुक्रवार को 39 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। यहां का न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड रह सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का सबसे अधिक उच्चतम तापमान डालटेनगंज में 43 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री गुमला में रहा।



स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के आदेश में यह भी कहा गया है कि निजी विद्यालयों का संचालन संबंधित स्कूल के दिशा-निर्देश के अनुरूप आरटीआइ अधिनियम एवं प्रबंधन के प्रावधानों के तहत होंगे। शिक्षा विभाग का यह आदेश 26 अप्रैल से लागू होगा।

## चिलचिलाती गर्मी से परेशान हैं झारखंड के लोग

झारखंड में अभी मौसम शुष्क है। चिलचिलाती गर्मी का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा है कि 25 अप्रैल को दक्षिणी झारखंड (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा) के साथ-साथ उत्तरी-पूर्वी भागों (देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिले) में कहीं-कहीं पर गर्म और उमस का एहसास होगा। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

# रांची मैराथन 27 को और बिंब वितरण 26 को मोराबाद ग्राउंड में, सभी तैयारियां पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आत्म प्रकाश योग केंद्र द्वारा प्रदूषण मुक्त हॉफ ग्रीन रांची मैराथन 27 अप्रैल को रांची के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के सामने मोराबादी ग्राउंड से सिद्धु कान्हू पार्क जवाहर नगर, हाटमा , कावेरी स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेंट, होटल हॉलिडे होम, होते हुए वापस बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के सामने मोराबादी ग्राउंड में समाप्त होगी इस हॉफ मैराथन में 21, 10, 5 और 3 किलोमीटर के कटेगड़ी में होगा जिसमें ग्यारह लाख तक का इनाम दिया जायेगा।

इस मैराथन का बिंब 26 अप्रैल 2025 को प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक मोराबादी ग्राउंड रांची से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन 26 अप्रैल रात्रि 9 बजे ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन 27 अप्रैल सुबह 4 बजे तक ग्राउंड में ही किया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी मैराथन संयोजक आत्म प्रकाश योग केंद्र के संस्थापक योगगुरु सीए शशि भूषण कुमार ने बताया कि मैराथन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।




मैराथन में भाग लेने वाले धावकों प्रतिभागियों को किसी प्रकार कीअसुविधा ना हो, इसके लिए हर डेढ़ से दो किलोमीटर पर प्वाइंट्स बनायी गयी है, जिसमें जूस, पानी बोतल, नारंगी केला, टॉफी ग्लूकोज रखा जा रहा है साथ ही जगह जगह मेडिकल टीम और एंबुलेंस को भी मुस्तैद किया जा चुका है।

इसमें मिस्टर वर्ल्ड एवं अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह, एशियाई चैंपियन डॉक्टर सुनीता गोदारा हमारे मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### शारदा ग्लोबल स्कूल में दंत-परीक्षण कैंप



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ आदित्य नारनॉली (बीडीएस, एमडीएस एफआइसीएस आर्थोडॉनडिक्स एवं डेंटोफिशियल आर्थोपेडिक्स) तथा डॉ दिशा नारनॉली (बीडीएस, एमडीएस, कीड्स विशेषज्ञ) ने शारदा ग्लोबल स्कूल के प्री नर्सरी से लेकर ग्यारहवीं तक के छात्रों का दंत परीक्षण किया। शारदा ग्लोबल स्कूल आभारी है डॉ आदित्य नारनॉली एवं डॉ दिशा का, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर छात्रों को स्वस्थ एवं मजबूत तथा दांतों की रक्षा के उपाय बताये। दोनों डॉक्टर्स ने छात्रों को निःशुल्क चिकित्सा एवं निःशुल्क एक्सरे आदि मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में पहलगाम हमले में मृत सैलानियों को श्रद्धांजलि दी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में गुरुवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर प्राचार्या प्रेमलता कुमारी ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में आतंक और हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने घायल पर्यटकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### आरो प्लांट एसोसिएशन की कमेटी गठित



रांची (आजाद सिपाही)। आरो प्लांट एसोसिएशन ऑफ झारखंड की हरमू ऑफिस में बैठक आयोजित की गयी। इसमें आरो प्लांट एसोसिएशन का कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें अध्यक्ष के रूप में संजीत कुमार को चुना गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी मेंबर्स की आम बैठक बुलायी जायेगी, जिसमें एसोसिएशन का एजेंडा, मिशन, विजन, ऑब्जेक्टिव पर चर्चा के साथ एसोसिएशन का गठन किया जायेगा। सभी सदस्यों को संगठन में जोड़ा जायेगा और सम्मान दिया जायेगा। साथ ही संगठन का विस्तार किया जायेगा। इसमें अमित चौधरी, अजीत कुमार गुप्ता, सुजीत कुमार, नितेश कुमार, साधु उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

### पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क हृदय जांच शिविर कल

रांची (आजाद सिपाही)। पारस हॉस्पिटल एचइसी में 26 अप्रैल को निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से दिन के दो बजे तक लगेगा। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। इसके अलावा इसीजी जांच, इको जांच और कोलेस्ट्राल की निःशुल्क जांच की जायेगी। शिविर का लाभ उठाने के लिए पारस हॉस्पिटल से संपर्क करें। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि आम जनता को समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये। पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल हमेशा मरीजों के हित का ख्याल रखती है।

### पवन कुमार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर अपनी जमीन बचाने गुहार लगायी

रांची (आजाद सिपाही)। चर्च रोड नियर पुराना थाना लोअर बाजार निवासी पवन कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि कलाल टोली निवासी मो मकसूद आलम और उसकी बहन नसीम खातून द्वारा उनकी पुश्तैनी भूमि पर बलपूर्वक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पवन कुमार ने बताया कि उनकी परिवार पिछले 100 वर्षों से इस भूमि पर निवास कर रहा है, जिसका मौजा-कोनका होल्डिंग नंबर 400 रकबा 22 कड़ी प्लॉट 401 रकबा 2894 कड़ी होल्डी नंबर 231 छपरबंदी प्लॉट नंबर 779 प्लॉट नंबर 1111 रकबा 9 कड़ी प्लॉट नंबर 1112 रकबा 3 डिसमिल है। इस भूमि पर उनके दादा स्व विंध्याचल प्रसाद के नाम से होल्डिंग है। पवन कुमार ने बताया कि इस भूमि पर टाइटल सूट मुंसफ सिविल कोर्ट मुकदमा संख्या 05/12 कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि उनकी भूमि और परिवार को पूरी सुरक्षा प्रदान की जाये।

### हीरामणि देवी जैन मेमोरियल पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट का उद्घाटन




रांची (आजाद सिपाही)। रांची के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी श्रवण जैन ने अपनी माताजी की स्मृति में हीरामणि देवी जैन मेमोरियल पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की शुरूआत की। गुरुवार को ट्रस्ट का उद्घाटन पूर्व उपमहापौर रांची सह प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने किया। इस अवसर पर अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि श्रवण जैन और उनकी धर्मपत्नी पायल जैन सामाजिक कार्य और परोपकार में हमेशा आगे रहते हैं। उनकी जितनी भी सराहना की जाये कम है। ट्रस्ट की सचिव पायल जैन एवं कोषाध्यक्ष श्रवण जैन ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष मेरे पिता झूमर मल जैन हैं। इस ट्रस्ट के माध्यम से गरीब-जरूरतमंदों के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कला-संस्कृति इत्यादि के क्षेत्र में कार्य किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को रांची के स्वर्णभूमि बैंक्योट हॉल में 27 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया जायेगा। इस अवसर पर ट्रस्टी अमित जैन, प्रदीप जैन, रमेश जैन, शोभा जैन, प्रेयल जैन, श्रेयल जैन, कमल जैन आदि उपस्थित थे।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे निराश्रित को उनके परिवार से मिलाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग में चल रहे सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि दिव्यांग प्रभुजी लोगों की निःशुल्क सेवा संस्था द्वारा 6 जनवरी 2024 से लगातार जारी है। आश्रम के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि आश्रम में रह रहे 1 निराश्रित जिसका नाम राजेश यादव है, वह 16 जून 2024 को आश्रम में लाये गये थे। वह अपनी याददाश्त खो चुके थे। उनका समुचित इलाज शहर के जानेमाने न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण की देखरेख में चल रहा था। उनके प्रयास से राजेश यादव की याददाश्त 24 मार्च को वापस आयी और वह अपने घर जाने की जिद करने लगे। उसके बताये पते पर खोजबीन कर उसके परिवार के लोगों का पता किया गया। इसके बाद राजेश यादव को पटना सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम भेजा गया। वहां के सेवादार साथी रंजीत कुमार उसको बुधवार 23 अप्रैल को उसके घर सिवान गांव शेखपुरा थाना बड़हरिया ले जाकर उसको उसके परिवार से मिलाया।

# जेएसएलपीएस की वार्षिक समीक्षा सह योजना बैठक का आयोजन

- सीइओ, जेएसएलपीएस, कंचन सिंह की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलों के साथ समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन
- समीक्षा बैठक में सभी डीपीएम ने अपने जिला में चल रहे कार्य का प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया साथ ही इसमें आ रहे बाधाओं से अवगत करवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट लाईवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (जेएसएलपीएस) द्वारा वार्षिक समीक्षा 2024-25 सह योजना बैठक 2025-26 का आयोजन 22 और 23 अप्रैल को प्रोजेक्ट भवन, रांची में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीईओ, जेएसएलपीएस, कंचन सिंह ने की। इस बैठक का उद्देश राज्य भर में जेएसएलपीएस द्वारा चलाए जा रहे परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा कर समय पर कार्य पूर्ण करने लिए सुझाव देना और फील्ड स्तर की चुनौतियों पर चर्चा कर आगामी कार्य अपेक्षाओं को साझा करना था। समीक्षा बैठक पहले दिन राज्य के सभी 24 जिलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यों की उपलब्धियों, चुनौतियों और सुधार के प्रमुख बिंदुओं पर प्रस्तुति दी गयी। इसमें एसएम्आईबी , वित्तीय समावेशन, नॉन-फार्म, सामाजिक विकास, डीडीयू-जीकेवाई, आरसेटी, फूड हेल्थ एंड वाश, पीवीटीजी-अल्ट्रा पुअर, मोनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन, एमआईएस और फाइनेंस डोमेन की समीक्षा की गयी। बैठक के दुसरे दिन राज्य के सभी 24 जिलो में पदस्थापित जिला कार्यक्रम प्रबंधको (डीपीएम) ने अपने जिला में चल रहे कार्य का प्रगति रिपोर्ट सीईओ, जेएसएलपीएस के सामने प्रस्तुत किया। इसके साथ ही सभी जिलों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक कार्य योजना पर जिला-वार प्रस्तुति दी गयी। सभी को फंड उपयोगिता एवं बजट से संबंधित दिशा-निर्देश दिये गये। मनरेगा कमिश्नर श्री मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने भी दुसरे दिन के बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधको को संबोधित किया और मनरेगा अंतर्गत अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुको को चिन्हित करने का निर्देश दिया। अंत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की जिला वार्षिक रैंकिंग की घोषणा की गयी। जिसमें पहला स्थान देवघर, दूसरा खूंटी और तीसरा स्थान गिरिडीह को प्राप्त हुआ। इसके साथ साथ जिला वार उत्कृष्ट कार्य करने वाले डोमेन को सर्टिफिकेट देकर प्रोत्सोहित किया गया। जेएसएलपीएस की यह वार्षिक बैठक ग्रामीण स्तर पर कार्यों की समीक्षा और आगे की रणनीति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। बैठक में मुख्य परिचालन पदाधिकारी, जेएसएलपीएस, डोमेन हेड्स, राज्य स्तरीय अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक और जिला प्रबंधक आदि उपस्थित रहें।



# विश्व धरोहर सप्ताह पर दक्षिण पूर्व रेलवे ने किया संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे अपने मुख्यालय, गार्डन रीच में 18-04-2025 से 25-04-2025 तक विश्व धरोहर सप्ताह मना रहा है। हर साल 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और प्राचीन विरासत को संरक्षित करने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलायी जा सके। विश्व धरोहर दिवस 2025 का विषय आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत - विरासत की सुरक्षा के संबंध में कार्रवायी है। विश्व धरोहर सप्ताह समारोह के भाग के रूप में 24-04-2025 को दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डन रीच में विश्व धरोहर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे के एजीएम और मंडलीय विरासत समिति के अध्यक्ष सौमित्र मजूमदार ने अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया, जिन्हें रेलवे की विरासत पर विविध दृष्टिकोणों पर बोलने और विरासत संरक्षण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आमंत्रित किया गया था। रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य वित्त और रेल उत्साही, पूर्व और पूर्वोत्तर अध्यायों के प्रमुख संजॉय मुखर्जी ने रेलवे विरासत का महत्व विषय पर अपना भाषण दिया, नवाब वाजिद अली शाह के परपोते शाहंशाह मिर्जा ने पश्चिम बंगाल पर अवधी प्रभाव पर एक वार्ता पर चर्चा की, बाद में जी.एम.कपूर, सलाहकार, इंटेक और जी. के. मोहंती, पूर्व प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, दपूरे ने क्रमशः औद्योगिक विरासत और दपूरे की माल ढुलायी विरासत विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। सभा को संबोधित करते हुए, विशेषज्ञों ने रेलवे द्वारा अपने गौरवशाली अतीत को संरक्षित करने के लिए उठाये गये विभिन्न उपायों के बारे में उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समापन एक आनंदमय समारोह के साथ हुआ, जहां दक्षिण पूर्व रेलवे के एजीएम और मंडलीय विरासत समिति के अध्यक्ष ने विरासत सप्ताह के दौरान आयोजित फोटोग्राफी, ड्राइंग और पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।




दक्षिण पूर्व रेलवे के एजीएम और मंडलीय विरासत समिति के अध्यक्ष श्री सौमित्र मजूमदार 24-04-2025 को दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डन रीच में विश्व धरोहर सप्ताह के समारोह के भाग के रूप में आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करते हुए।

## प्रधानमंत्री ने बिहार के मधुबनी में 13,480 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शुभारंभ किया

# प्रौद्योगिकी के माध्यम से पंचायतों को मजबूत किया गया है: मोदी

> पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंचायती राज व्यवस्था में हुए कई सुधार; केंद्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पंचायतों को दी जानेवाली धनराशि में हुई सात गुना की वृद्धि : केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बिहार के मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में किए गये हमलों में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखने और प्रार्थना करने की अपील की। बिहार के मधुबनी ज़िले की लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में आयोजित मुख्य समारोह के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में बिहार की पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। इस विशाल सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय पंचायती राज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ.ललन सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत' की कल्पना तब तक अधूरी है जब तक उसके गांव और पंचायतें पूरी तरह विकसित न हो जायें। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने अपने संबोधन में पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंचायती राज प्रणाली को सशक्त और आधुनिक बनाने हेतु उठाए गए ऐतिहासिक कदमों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पंचायतों को दी जाने वाली धनराशि में सात गुना वृद्धि हुई है, जिससे पंचायतें पहले की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी, आत्मनिर्भर और उत्तरदायी बनी हैं।



उन्होंने बताया कि आज पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ईग्रामस्वराज जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान जैसी अत्याधुनिक सेवाओं की शुरूआत ने ग्रामीण जीवन को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाया है। पंचायती शासन व्यवस्था को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पंचायत प्रतिनिधियों को अब भारतीय प्रबंधन संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। महिला जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से उनके नेतृत्व एवं प्रशासनिक क्षमताओं को भी मजबूती प्रदान की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा ग्राम पंचायत से देश को संबोधित किया जाना इस बात का प्रतीक है कि ग्राम स्वराज की भावना को आज सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान प्राप्त है। उन्होंने लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में इस ऐतिहासिक राष्ट्रीय कार्यक्रम के आयोजन को पंचायतों की प्रतिष्ठा और उनकी भूमिका में आए परिवर्तन का जीवंत प्रमाण बताया। श्री सिंह ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया कि आज की सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील पंचायतें विकसित भारत की आधारशिला बन चुकी हैं और यह परिवर्तन अब स्पष्ट रूप से जमीनी स्तर पर परिलक्षित हो रहा है।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में 'अनिमेनिया' आयोजित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के एनीमेशन एंड इंटीरियर डिजाइनिंग डिपार्टमेंट और आइक्यूएसी के सहयोग से 24 अप्रैल को कॉलेज के फादर सी डिब्रावर सभागार में सेमिनार सह कार्यशाला 'अनिमेनिया' का आयोजन किया गया। सेमिनार में एनीमेशन इंडस्ट्री, शॉर्ट फिल्म एवं दृश्य प्रभाव (वीएफएक्स) के विषय में चर्चा हुई। मुख्य वक्ता श्री डी जर्नलिस्ट, चरित्र मॉडलिंग और पर्यावरण डिजाइन विशेषज्ञ जर्मनी के जोगेंद्र करमाली ने अपना अनुभव साझा करते हुए एनीमेशन के बारे में विस्तार से बताया और मौजूद सभी विद्यार्थियों को इस फील्ड में आगे बढ़ने का रास्ता बताया। सेमिनार के दूसरे वक्ता अभिषेक कुमार ने एनीमेशन के बाकी भागों के बारे में भी विस्तार से बातें कीं और ऑगमेंटेड रियलिटी गेम्स और थ्री डी प्रिंटिंग के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि एनीमेशन एक प्रोफेशनल कोर्स है और प्रोफेशनल जिंदगी आसान नहीं होती है। इसमें आगे जाकर बहुत सी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे ने कहा कि एआइ के जमाने में नये विद्यार्थियों के लिए बहुत सी चुनौतियां हैं, लेकिन हमें रचनात्मक बने रहना है और अपनी गुणवत्ता को नहीं भूलते हुए एआइ के साथ-साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। इस सेमिनार के उपलक्ष्य में कॉस्पले कंपीटीशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अलग-अलग एनीमेशन किरदार बन कर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर एनीमेशन डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ संतोष कुमार किड़ो, विभाग के अजय अनुकरण तिर्की, सुमित खलखो, यामिन उर्फि और रियाज सहित अन्य प्रोफेसर मौजूद थे। सेमिनार में करीब 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।






### मुख्यमंत्री और प्रतिनिधिमंडल ने किया फिरा डी बार्सिलोना की दो परियोजनाओं का भ्रमण

# कंपनी ने विश्व स्तरीय आयोजन सेंटर बनाने की इच्छा जतायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन गये झारखंड के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने फिरा डी बार्सिलोना की दो निर्माणाधीन परियोजनाओं का भ्रमण किया। इस दौरान फिरा डी बार्सिलोना के अधिकारियों ने इन परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके अलावा अधिकारियों ने रांची में मेगा कन्वेंशन और ट्रेड एग्जीबिशन सेंटर विकसित करने में रुचि दिखाते हुए एक इच्छा पत्र प्रतिनिधिमंडल को सौंपा। यह प्रस्तावित सेंटर विश्वस्तरीय व्यापार मेलों, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और उन्नत दृश्य-श्रव्य (एवी) प्रणाली आधारित आयोजनों के लिए उपयुक्त होगा। इससे वैश्विक एग्जीबिशन और सम्मेलन आयोजन के नक्शे पर झारखंड की उपस्थिति बढ़ेगी।




# आरसीबी ने राजस्थान को 11 रन से हराया

## राजस्थान ने फिर से गंवाया जीता हुआ मुकाबला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने घर पर खेले गयेमुकाबले को 11 रनों से जीतने के साथ इस सीजन की अपनी छठी जीत हासिल की है। इस मैच में आरसीबी की टीम टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी, जिसमें उन्होंने 20 ओवर्स में 205 रनों का स्कोर बनाया था, जिसमें विराट कोहली के बल्ले से 70 रनों की बेहतरीन पारी देखने को मिली। वहीं दूसरी तरफ राजस्थान रॉयल्स की टीम जो इस मुकाबले में एक समय जीतते हुए दिखाई दे रही थी वह 20 ओवर्स में 194 रनों के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सके जिसमें उन्हें 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा। आरसीबी के लिए गेंदबाजी में जोश हेजलवुड ने अहम भूमिका अदा की जो 4 विकेट लेने में कामयाब रहे। आरसीबी की ये इस आईपीएल सीजन में उनके होम ग्राउंड पर लगातार तीन हार के बाद पहली जीत है।



**जायसवाल और राणा के पवेलियन लौटते ही राजस्थान की हार हुई तय :** आरसीबी के खिलाफ इस मैच में 206 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम को पहला झटका 52 के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी के रूप में लगा जो इस मैच में 12 गेंदों में 16 रनों की पारी खेलने के बाद आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे नितीश राणा ने यशस्वी जायसवाल का साथ तो दिया लेकिन एक छोर से तेजी के साथ रन बना रहे जायसवाल 49 के निजी स्कोर पर जोश हेजलवुड का शिकार बने। यहां से राजस्थान की पारी में एक ब्रेक देखने को मिला जिसमें आरसीबी के गेंदबाज वापसी करने में कामयाब रहे। नितीश राणा 28 रनों की पारी खेलकर जहां पवेलियन लौट गये तो वहीं ध्रुव जुरेल ने जरूर 34 गेंदों में 47 रनों की पारी खेली लेकिन रन गति के लगातार बढ़ते दबाव के चलते वह भी अहम समय पर अपना विकेट गंवा बैठे। राजस्थान की टीम 20 ओवर्स में जहां 194 रन ही बना सकी तो वहीं आरसीबी के लिए इस मैच में गेंद से हेजलवुड ने जहां 4 विकेट हासिल किए तो वहीं क्रुणाल पांड्या ने 2 जबकि भुवनेश्वर कुमार और यश दयाल ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

**आरसीबी की पारी में कोहली के बल्ले का दिखा कमाल :** इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम की पारी को लेकर बात की जाए तो उसमें विराट कोहली के बल्ले का कमाल देखने को मिला जिसमें उन्होंने 70 रनों की शानदार पारी खेली, इसके अलावा देवदत्त पडिक्कल भी 27 गेंदों में 50 रन बनाने में कामयाब रहे। आरसीबी की टीम इन दोनों पारियों के दम पर 205 के स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। वहीं आरसीबी की टीम इस जीत के साथ अब प्वाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है, जिसमें उनके 12 अंक हो गये हैं।

## कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाल कर पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि दी




रांची (आजाद सिपाही)। पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके पूर्व कांग्रेस भवन में मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी। केशव महतो कमलेश ने कहा कि अब शांति की गुंजाइश नहीं रही, देश आतंकवाद के जहरीले तीरों से लगातार छलनी हो रहा है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि आतंकवाद के सबसे विकृत चेहरे के रूप में पहलगाम की घटना सामने आयी है। देश की जनता कठोर कार्रवाई चाहती है, कूटनीति के अलावा भी यदि संभावनाएं हो तो कार्रवाई के अन्य रास्ते भी सीमा पार आतंकवाद के सफाई के लिए अपनाये जा सकते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथारू, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पौल मुजनी, अमूल्य नीरज खलको, सोनाल शांति, विनय सिन्हा दीपू आलोक दुबे, राजेश गुप्ता, लाल किशोर नाथ शाहदेव, गीताश्री उरांव, रोहित सिन्हा गजेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, एम तौसीफ, अभिलाष साहू, सूर्यकांत शुक्ला, केदार पासवान आदि उपस्थित थे।

## पर्यटकों पर आतंकवादी हमला अक्षम्य: राजेंद्र प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर पर्यटकों का जाति धर्म पूछकर अंधाधुंध फायरिंग कर करीब 28 पर्यटकों की हत्या किये जाने की मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह अक्षम्य है। इस घटना के खिलाफ सरकार के साथ प्रतिपक्ष को मजबूती के साथ खड़ा रहना चाहिए और आतंकवादी को पालने वाले पाकिस्तान पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## पहलगाम हादसे से पूरा देश मर्माहत : अधिवक्ता शीश



रांची (आजाद सिपाही)। पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से अधिवक्ता समुदाय को गहरा सदमा लगा है। उक्त बात एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स रांची के अध्यक्ष अधिवक्ता सैयद शीश आलम ने कहीं। उन्होंने कहा कि यह आतंकियों की कायराना और बुजदिली वाली हरकत है। वे आतंकी हमला की कड़ी निंदा करते हैं और मृतकों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं। भारत सरकार से मांग करते हैं कि इस घटना की जांच हेतु तुरंत उच्च स्तरीय कमेटी बनायी जाये और दोषियों पर करवाई करे। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति भी अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की। कहा कि उनके दर्द और दुख को साझा करते हुए वे त्रासदी की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं।

## बहशी हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये : प्रमोद सारस्वत



रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए धर्म आधारित आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। कहा कि निर्दोष हिंदू नागरिकों की निर्ममता से की गयी हत्या पर हम आक्रोशित एवं शोकाकुल हैं। केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले बहशी हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। साथ ही षड्यंत्र में जो विदेशी ताकत शामिल हैं, उनको भी सबक सिखाने का समय अब आ चुका है।

# ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स का हुआ आरंभ




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रसार भारती द्वारा नवंबर 2024 में ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स का आरंभ भारतीय दर्शकों के समग्र डिजिटल मनोरंजन के उद्देश्य से किया गया। यह ओटीटी प्लेटफार्म मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र के दर्शकों के बीच डिजिटल पहुंच बढाने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स की मुख्य विशेषताएं है। वेव्स 22 भारतीय भाषाओं में सूचना, शिक्षा और मनोरंजन के संपूर्ण साधन उपलब्ध कराता है। वेव्स-पौराणिक कथाओं, साहित्य, नृत्य और यात्रा संबंधी विस्तृत जानकारी सभी वर्गों के लिए उपलब्ध कराता है। वेव्स-युवाओं में सृजनात्मक की अभिवृद्धि के उद्देश्य से सभी क्षेत्रों में अपना योगदान देने के लिए एक साथ कई मंच प्रदान करता है, यथा लेखन, निर्देशन आदि। वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स बाजार एक मंच पर कई प्रकार के व्यापार के लिये आमंत्रित करता है। रेडियो एवं गेम्स वेव्स अपने दर्शकों को कई मनोरंजक रेडियो कार्यक्रम यथा विविध भारती, एफएम गोल्ड के साथ-साथ फ्री-टू-गेम्स भी इस प्लेटफार्म पर उपलब्ध करता है। वेव्स अपने दर्शकों के लिये दूरदर्शन के सभी नेशनल एवं प्रादेशिक चैनलों के साथ कई अन्य मनोरंजन के चैनल यहां उपलब्ध है।

## श्री श्याम मंदिर का पट खुलते ही भक्तों की लगी भीड़

रांची (आजाद सिपाही)। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज वरुथिनी एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। 5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दिनो के भक्तों के अतिरिक्त एकादशी दर्शनार्थी भक्त का भी रेला लगा रहा। जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम के भजनों के गायन से सुबह के श्रृंगार आरती से श्याम मंदिर गूंज रहा था। सुबह के श्रृंगार आरती 8:30 बजे के बाद भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर के प्रति भक्तों की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

# आत्म प्रकाश योग केंद्र का प्रदूषण मुक्त हॉफ ग्रीन रांची मैराथन 26 को




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आत्म प्रकाश योग केंद्र द्वारा प्रदूषण मुक्त हॉफ ग्रीन रांची मैराथन रविवार को रांची के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के सामने मोरहाबादी ग्राउंड से सिद्धु कान्हु पार्क जवाहर नगर, हाटमा, कावेरी स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट, होटल हॉलिडे होम, होते हुये वापस बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम के सामने मोरहाबादी ग्राउंड में समाप्त होगी। इस हॉफ मैराथन में 21,10,पांच और तीन किलोमीटर के कटेगड़ी में होगा। इसमें ग्यारह लाख तक का इनाम दिया जायेगा। इस मैराथन का बिंब 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक मोरहाबादी ग्राउंड रांची से प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन 26अप्रैल रात्रि 9 बजे ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन 27अप्रैल सुबह 4 बजे तक ग्राउंड में ही किया जायेगा। मैराथन संयोजक आत्म प्रकाश योग केंद्र के संस्थापक योगगुरु सीए शशि भूषण कुमार ने बताया कि मैराथन की तैयारी पूरी हो चुकी है। मैराथन में भाग लेने वाले धावकों प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लिये हर एक से दो किलोमीटर पर प्वाइंट्स बनायी गयी है। इसमें जूस, पानी बोतल, फल, टॉफी ग्लूकोज रखा जायेगा। साथ ही जगह जगह मेडिकल टीम और एंबुलेंस को भी मुस्तैद किया जा रहा है। इसमें मिस्टर वर्ल्ड और अभिनेता ठाकुर अनूप सिंह, एशियाई चैंपियन डॉ सुनीता गोदारा हमारे मुख्य अतिथि के रूप में भाग ले रहे हैं।

## श्री श्याम मंदिर में एकादशी पर्व श्रद्धा भाव और भक्तिमय वातावरण में आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को विरुथिनी एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा भाव और भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। सनातन धर्म में एकादशी का अत्यंत महत्व होने के कारण प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्तगण आतुर थे। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल गुलाब - जूही - बेला - रजनीगंधा के ताजे और खुशबूदार फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार और हनुमान जी का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम नाम की दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गयी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, चंद्र प्रकाश बगला, नितेश केजरीवाल, मनोज ढांढनियां, प्रियांश पोद्दार, केशव सारस्वत, प्रदीप अग्रवाल, मधुसूदन सारस्वत का विशेष योगदान रहा।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में आमसभा शिक्षक संघ आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के शिक्षकों की एक आम सभा शिक्षक संघ के कक्ष में आयोजित की गयी, जिसमें सभी शिक्षकों ने निम्नलिखित विषयों पर विस्तार से चर्चा की: 2008 बैच के शिक्षक जो 16 वर्षों से काम कर रहे हैं, उन्हें अभी तक पहला प्रमोशन भी नहीं दिया गया है। यह निर्णय लिया गया कि संघ झारखंड लोक सेवा आयोग से प्रक्रिया को गति देने का अनुरोध करेगा। राज्यपाल के नये परिपत्र के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया कि शिक्षक अपने कर्तव्य के रूप में नियमित कक्षाएं ले रहे हैं और आगे भी लेते रहेंगे। झारखंड राज्य सरकार की बीमा योजना में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के शिक्षकों को शामिल किया गया है, लेकिन इसमें कुछ तकनीकी त्रुटि है जिसके कारण कोई भी शिक्षक ऑनलाइन फॉर्म भरने में असमर्थ है। यह मुद्दा भी कुलपति के समक्ष रखा जायेगा। बैठक में संघ के अध्यक्ष डॉ एसएम अब्बास के अलावा डॉ आईपी गुप्ता, डॉ अयूब, डॉ केएम खान, डॉ डीवी देवदी, डॉ जेएस मुंडा, डॉ रेन्ना नंद, डॉ शमा सोनाली, डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ शालिनी लाल, डॉ रेखा झा, डॉ रजनी, डॉ अर्पणा सिन्हा, डॉ विद्यान आदि उपस्थित थे।

# ‘एकलव्य टेक फेस्ट 2025’ का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित दो दिवसीय ‘एकलव्य टेक फेस्ट 2025’ का शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। 23 और 24 अप्रैल को आयोजित इस महोत्सव में कुल 311 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो रांची के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से आये थे।

### 311 प्रतिभागियों ने दिखाया तकनीक और कला का अद्भुत संगम

इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि इंडियन आइडल विजेता आदर्श गुप्ता ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे मंच उनके करियर और आत्मविश्वास को नयी उड़ान देते हैं। इस मौके पर प्रो तपन कुमार सांड़िल्य, प्रो त्रिवेदी नाथ साहू, डॉ सर्वोत्तम कुमार, आनंद कुमार, डॉ नमिता सिंह, **समन्वयक:** डॉ अनिता कुमारी, निदेशक डॉ गणेश चंद्र बास्की, डॉ ज्योयति बाला, श्रीमती खुशबू, डॉ असित कुमार महापात्रा, डॉ प्रियरंजन प्रियदर्शी, डॉ रंजय कुमार, डॉ जफर अब्बास, और डॉ धर्म राज कुमार।

### प्रतिभागियों को क्या मिला

इस टेक फेस्ट ने छात्रों को रचनात्मकता, टीमवर्क, समय प्रबंधन, और तकनीकी विशेषज्ञता को निखारने का अवसर प्रदान किया। साथ ही, उन्हें प्रमाण पत्र, पुरस्कार और भविष्य में करियर के लिए प्रेरणा मिली।

‘एकलव्य टेक फेस्ट 2025’ तकनीक और संस्कृति का एक ऐसा संगम बन गया, जिसने रांची के छात्रों को एक नयी दिशा और पहचान दी।

## गुलदस्ता आज से हर शुक्रवार को फोकस सिनेमैटिक यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम होगी

रांची (आजाद सिपाही)। गुलदस्ता 25 अप्रैल से हर शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे फोकस सिनेमैटिक यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम होगी। इस वेब सीरीज का टीजर और ट्रेलर जारी किया गया। इस संबंध में गुरुवार को वेब सीरीज के निमार्ता कुमार चंदन ने रांची प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। कुमार चंदन ने कहा कि पांच लोगों की कहानी है, जिसे पांच एपिसोड के वेब सीरीज में पिरोया गया है। इस सीरीज की कहानी एक सामान्य भारतीय परिवार की जटिलताओं, संघर्षों और प्यारे रिश्तो को उजागर करती है। जिसमें दर्शकों को भावनात्मक जुड़ाव के साथ-साथ भरपूर मनोरंजन मिलेगा। गुलदस्ता की शूटिंग झारखंड की राजधानी रांची में की गयी है। और इसका निर्माण रांची के माया एकेडमी ऑफ एडवांस्ड क्रिएटिविटी( मैक) के छात्रों द्वारा किया गया है।

# केंद्र सरकार के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है: सुप्रियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सुप्रियो भट्टाचार्य ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार पर तीखे सवाल किये। साथ ही पहलगाम पर्यटकों की हत्या के मामले में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का आह्वान किया। भट्टाचार्य ने कहा कि एक सप्ताह बाद अमरनाथ तीर्थ यात्रा शुरू होगी। जिसके लिए हजारों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा बजट आता है, लेकिन व्यवस्थाएं नदारद हैं।

उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और वहां की शांति भंग करने वाले तत्वों से सख्ती से निपटना होगा। पुलवामा हमले का संदर्भ देते हुए बोले, अब तक कुछ गद्दार चिन्हित ही नहीं हो पाए। जब तक उनके नाम उजागर नहीं होंगे, देश में अमन चैन छिनने वाले लोगों के खिलाफ केंद्र सरकार को एक्शन लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है। अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर चिंता जताते हुए भट्टाचार्य ने कहा, सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। जम्मू-कश्मीर के लोग अमरनाथ यात्रा सकुशल पूरा करेंगे। उन्होंने दावा किया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले से आर्थिक व्यवस्था को 20 साल पीछे धकेल दिया है और सिर्फ. बयानबाजी से काम नहीं चलेगा। जिम्मेदारी लेनी होगी। भट्टाचार्य ने दो-टूक संदेश दिया कि देश के प्रत्येक नागरिक को समाज के गद्दारों को पहचानने की जरूरत है। वरना देश की सुरक्षा खतरे में पड़ जायेगी। स्थानीयों पर सवाल उठाते हुए पूछा, वह गद्दार कौन है जो वहां तक आतंकवाद को पहुंचाया है।

# झारखंड बन रहा आतंकियों का सुरक्षित अड्डा : भाजपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद झारखंड की राजनीति एक बार फिर गरमा गयी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस कांफ्रेंस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अजय साह ने आरोप लगाया कि झामुमो की प्रेस कांफ्रेंस में हिंदू समाज के समर्थन में कोई स्पष्ट संदेश नहीं दिया गया, बल्कि मुस्लिम तुष्टिकरण की झलक एक बार फिर साफ तौर पर नजर आयी। अजय साह ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि झामुमो इस बार आतंकवाद और हाल की घटनाओं पर एक संतुलित और जिम्मेदार रुख अपनाएगी, लेकिन जो बातें सामने आयी, वो पाकिस्तान की लिखी हुई स्क्रिप्ट जैसी लगीं। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो एक ऐसी पार्टी बन गयी है जो पूरी तरह मुस्लिम वोट बैंक पर निर्भर है, और इसी वजह से वह कभी भी इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ खुलकर बोलने से बचती है। साह ने उदाहरण देते हुए कहा कि झामुमो प्रवक्ता ने न तो पकड़े गये बोकारो के जिहादी पर कोई प्रतिक्रिया दी, न ही पाकिस्तान के जनरल द्वारा दिये गये विवादास्पद बयानों की निंदा की। इसके विपरीत, केंद्र सरकार को आतंकवादी घटनाओं का जिम्मेदार ठहराना, यह दशार्ता है कि झामुमो जानबूझकर कट्टरपंथियों को खुश करने की कोशिश कर रही है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी याद दिलाया कि कुछ महीने पहले अल-कायदा से जुड़े एक डॉक्टर को झारखंड से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उस मुद्दे पर भी झामुमो की चुप्पी बनी रही। उन्होंने दावा किया कि झारखंड झामुमो शासन में आतंकियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बनता जा रहा है और जिहादी मानसिकता वाले लोगों की मौजूदगी तेजी से बढ़ रही है। अजय ने आगे कहा कि आतंकी हमले में मारे गए मनीष रंजन के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकार की ओर से न तो कोई मंत्री आया और न ही कोई प्रशासनिक अधिकारी।

**AFFIDAVIT**



I, SAMAR SARTHAK MUNDA, S/o Sunil Munda Resident of VIII- Ladhup, P.O.- Senha, Latehar, Jharkhand-829203. That in the Aadhar Card my name bears as Sarthak Munda and date of Birth as 5/7/2008, which is incorrect. That by mistake my name and date of birth has been mentioned as Sarthak Munda and 5/7/2008 instead of SAMAR SARTHAK MUNDA and 5/8/2010 in the Birth certificate which is absolutely correct. That my correct name is SAMAR SARTHAK MUNDA and Correct date of birth is 5/8/2010. Vide affidavit sl.no.595, dated- 21 april 2025.

**सार्वजनिक सूचना**
**शाखा कार्यालय स्थानांतरण**

बजाज फाइनेंस लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय, मुंबई–पुणे रोड, आकुर्डी, पुणे 411035 और चौथा तल, कॉर्पोरेट कार्यालय, बजाज फिनसर्व कॉरपोरेट ऑफिस, पुणे – अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे – 411014 महाराष्ट्र, दूरभाष 020 3040 5060 अपने ग्राहकों और संबंधित व्यक्तिओं को सूचित करता है कि रांची कार्यालय जो अर्थ हाइट्स छठवीं मंजिल, नॉर्थ ऑफिस पारा रिलायंस ट्रेंड्स ए.जी. मोर के ऊपर, डोरंडा रांची–834002 पी.ओ. डोरंडा जिला, रांची झारखंड, में स्थित है, जो कि दिनांक 3 अगस्त 2025 से स्थानांतरित हो जाएगा और इस कार्यालय की सभी सेवाएं नए कार्यालय बजाज फाइनेंस लिमिटेड, तीसरा फ्लोर, इस्टेट प्लाजा, ऑफिस नंबर 301, कांटाटोली चौक, पुराना एच बी रोड, मंगल टावर के पीछे, रांची झारखंड 834001, पर उपलब्ध होगी । सभी ग्राहकों और संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध किया जाता है कि वे उक्त पते में परिवर्तन पर ध्यान दें तथा शाखा का नया पता दर्ज करें और नियत तिथी के पश्चात समस्त सेवाओं के लिये कार्यालय बजाज फाइनेंस लिमिटेड, तीसरा फ्लोर, इस्टेट प्लाजा, ऑफिस नंबर 301,कांटाटोली चौक, पुराना एच बी रोड, मंगल टावर के पीछे, रांची झारखंड 834001, में हमारे कार्यालय से संपर्क करने की कृपा करें । द्वारा :– बजाज फाइनेंस लिमिटेड, चौथा तल, बजाज फिनसर्व कॉर्पोरेट कार्यालय, पुणे – अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे– 411014 महाराष्ट्र, दूरभाष क्रं. – 020 30405060, दिनांक–25 अप्रैल 2025.

# तमाड़ में भाजपाइयों ने आतंकवादियों के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ भाजपाइयों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों को जाति धर्म पुछकर निर्मम गोली मारकर हत्या करने के विरोध में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस रायडीह चौक से निकल कर ब्लॉक मोड़ तक गया। वहा एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वहीं कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता और पूर्व जिप सदस्य अनुप साहु ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों के ऐसे जघन्य और कायराना निर्दोष पर्यटकों को हत्या करने की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम विभिन्न जातियों और धर्मों के साथ ही विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में बंटे हैं, जिसका नतीजा पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हमारी कमजोरी समझ बैठता है। अब समय आ गया है कि ऐसे समय में हम सब को एकजुटता का परिचय देते हुए आतंकवादियों के खिलाफ आवाज बुलंद ही नहीं अपितु कार्रवाई करनी है। पूरा देश मोदी के साथ है, पीड़ित परिवार के साथ हैं। मशाल जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा भारत माता की जय, पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवादियों को फांसी दो, पाकिस्तानी मुस्लमान भारत छोड़ो, रोहिंग्या मुसलमान भारत छोड़ो आदि नारा लगा रहे थे। कार्यक्रम में अनुप साहु के अलावे लक्ष्मण सिंह मुण्डा, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, जगदीश गुप्ता, दिलीप सेठ, मदन सिंह मुंडा, राहुल गिरि, बंटी गुप्ता, मनीष गुप्ता, विक्की सिंह, अभय मुखर्जी, समरेंद्र मुखर्जी, उदय महतो, राजकुमार गुप्ता, रितेश गुप्ता, प्रीतम, दीपक, अविनाश विश्वजीत बनर्जी, अरविंद सिंह भोला साहु सहित सैकड़ों भाजपा, आजसू, व्यवसायी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा और मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने किया।

## जाडेया में सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के द्वारा गोद लिये गये गांव जाडेया में सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ स्वच्छता और स्वास्थ्य मिशन के साथ हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जनसंपर्क कर ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताया। इस अभियान में स्वयंसेवक गांव के आंगनबाड़ी विद्यालय भी गये और बच्चों को दिये जाने वाले पोषाहार और विद्यालय की स्वच्छता का निरीक्षण किया और स्वच्छता के समुचित उपाय किये। छोटे बच्चों को भोजन से पूर्व और शौच के बाद हाथों की स्वच्छता के महत्व को बताया। इस कार्यक्रम में तीनों कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ तारकेश्वर कुमार, डॉ आराधना तिवारी और संगीता जायसवाल एनएनएस स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

# देसी कट्टे के साथ दो युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पुलिस के बरीय पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कर्रा थाना क्षेत्र के घासीबारी गांव में बुधवार को छापामारी कर देसी कट्टे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मुकेश महतो उर्फ फागु महतो और सुमित कुमार शामिल हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा में गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कर्रा थाना क्षेत्र के घासीबारी गांव में एक व्यक्ति के पास हथियार है। सूचना के आलोक में तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर बुधवार को घासीबारी गांव में छापामारी कर मुकेश महतो को पकड़ा गया। उसकी सूचना के आधार पर सुमित कुमार को भी गिरफ्तार किया गया।

दोनों से पूछताछ करने के बाद दो देसी कट्टा और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। छापामारी दाल में एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरेट्टा, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, रनिया थाना प्रभारी विकास जायसवाल, कर्रा थाना प्रभारी दीपक कांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार यादव, बेडो थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नंदू पैरा, हवलदार भूषण जोजो के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि जब पीएलएआआई नक्सली पवन गोप को गिरफ्तार किया गया, तो मुकेश और सुमित ही पीएलएआई संगठन का काम देखते थे।

## पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये पर्यटकों को दी गयी श्रद्धांजलि



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों एवं आतंकवादी के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए झारखंड के वीर सपूत को श्रद्धांजलि देने के लिए खलारीवासियों ने एक शोक सभा शहीद चौक पर आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने भारत सरकार से मांग किया कि इस कायरतापूर्ण हमला करने वाले आतंकी एवं उनके आकाओं ओ नेस्तानाबूद करें और जरूरत पड़ने पर सीधे पाकिस्तान पर हमला कर देना चाहिए। इस मौके पर राजन सिंह राजा, जालिम सिंह, तनवीर आलम, मोनू रजक, अनील पासवान, अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, बाबू खान, बीरेंद्र यादव, अजय सिंह, सतेंद्र खरवार, रवि उरांव, इकबाल खान, सुशील मुंडा, हरि प्रजापति, इसराइल अंसारी, सुधीर सिंह, मोबारक अंसारी, हिमांशु शेखर, सोनू कुमार, राहुल कुमार, सुल्तान अंसारी, फसी अहमद, राजेंद्र प्रसाद, फली खान,वसीम अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## आतंकी हमले के विरोध में डकरा में निकला कैंडल मार्च



**खलारी (आजाद सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। खलारी के भूतनगर डकरा में कैंडल जला कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अब्दुल्ला अंसारी ने कहा की यह हिंदुस्तान के दिल पर हमला है, जिससे भारत का प्रत्येक व्यक्ति आहत है। इसकी जितनी भी निंदा की जाये उतना ही कम है। वही विस्थापित नेता विनय खलखो ने कहा कि इस प्रकार की कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला मानवता पर कलंक है। किसी भी सभ्य समाज में इसका कोई स्थान नहीं है। केंद्र सरकार से इस आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने का आग्रह किया। इस मौके पर सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, कुलदीप कुमार, फिरोज अंसारी, छोटू अंसारी उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं ने आतंकियों पर कार्रवाई की मांग की


**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बीते दिन पहलगाम में आतंकी हमले 27 पर्यटकों की मौत घटना के विरोध में बुंडू अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं ने कड़ी निंदा करते हुए आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इसके साथ ही देश की सुरक्षा और शांति के लिए सभी लोगों को एकजुट होने का अपील किया गया। आतंकी हमले में मरे लोगों के आत्मा के शांति के लिए अधिवक्ता संघ कार्यालय परिसर में सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामचरण महतो, महासचिव शिव शंकर महतो, उपाध्यक्ष आनंद राम महतो, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जायसवाल, रितेश जायसवाल, दुर्गा प्रसाद राय, गोरी प्रसाद सिन्हा दुर्योधन महतो, मोनव्रत मुखर्जी आदि मौजूद हुए।

## पहलगाम हमले के विरोध में बंद रहा खूंटी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले कें खिलाफ। गुरुवार को खूंटी जिला स्वतःस्फूर्त बंद रहा। ज्ञात हो कि दुश्मन राष्ट्र पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा 27 सैलानियों की बर्बरतापूर्ण हत्या को लेकर खूंटी जिले के लोगों में भारी आक्रोश है। भाजपा, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य संगठनों ने बंद को समर्थन दिया है। आतंकी हमले को लेकर लोगों में किस प्रकार उबाल है,उसका अनुमान सिर्फ इस बात से लगाया जा सकता है कि बंद को सफल बनाने कें लिए किसी को सड़कों पर उतरना नहीं पड़ा। हालांकि कि भाजपा, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता सुबह में लोगों से बंद को स्फल बनाने की अपील करते दिखे। ज्ञात हो कि आतंकी हमले कें खिलाफ कई जगहों पर बुधवार की शाम को मशाल जुलूस और आक्रोश रैली निकाल कर बंद को सम्र्थन देने की अपील की गयी थी।

## आतंकवादी हमले के विरोध में कैंडल मार्च




**मुरी (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के द्वारा हिंदू निर्दोष पर्यटकों पर बर्बरता पूर्वक हत्या करने की घटना के विरोध में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला। वही दूसरी ओर आजसू पार्टी समेत कई राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, व्यावसायिक संघ, कई जनप्रतिनिधि एवं आम जनता ने एकता का परिचय देते हुए आतंकवाद के खिलाफ घोर निंदा की और कैंडल मार्च और मशाल जुलूस निकालकर आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

सात करोड़ की लागत से बननेवाली नौ किमी सड़क का विधायक सविता महतो ने किया शिलान्यास

# लघु सिंचाई से ईचागढ़ के बारुणा नाला पर 78 लाख की लागत से होगा चेक डैम का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता




**ईचागढ़।** विधायक सविता महतो ने गुरुवार को नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत दो सड़क और लघु सिचाई से ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बारुणा नाला पर चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत शीलापट्ट अनावरण और नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान विधायक ने नीमडीह के आरइओ रोड से काशीडीह होते हुए मधुपुर तक 2.12 किमी एक करोड़ 88 लाख और पीडब्लूडी रोड बांदु निर्मल महतो चौक से बागड़ी लागड़ी होते हुए डूंगरीपार तक सात किमी पांच करोड़ 31 लाख रुपये और ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में बट बृक्ष के सामने बारुणा नाला पर करीब 78 लाख कि लागत से चेक डैम का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा करीब 7 करोड़ कि लागत से दोनों सड़क और करीब 78 लाख रुपये कि लागत से चेक डैम का निर्माण होगा।

विधायक ने सड़क और चेक डैम निर्माण करने वाले संवेदक को निर्माण कार्य ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिये। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, पंचायत बाड़ेदा मुखिया वरुण सिंह, राहुल वर्मा, सुनिल सिंह, सुजीत महतो, नीलकमल महतो, ग्राम प्रधान गृहीराम सिंह, उपमुखिया मनसा सिंह, मंगल माझी, अनिल माझी, हरिचरण महतो, साधु महतो, जादूपति महतो, लाकड़ी पंचायत मुखिया सरला देवी, उपमुखिया नारायण गोप, रूपक महतो, प्रशांत पांडे, जमशेद माझी, शिक्षित माझी अमर मंडल, बिनोद सिंह आदि काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने तोड़ा घर, फसलों को किया नष्ट



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम एवं चोगाटांड़ गांव में बुधवार कि देर रात को दो हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने कुटाम के सम्बद लोहरा का घर का दिवालों को तोड़ कर घर में रखे चावल, गेहूं को अपना निवाला बनाया। घर में सो रहे परिजन किसी तरह भाग कर अपनी जान बचायी। वहीं किसान रंजीत सिंह मुंडा सहित कई किसानों को खेतों में लगे लौकी और अन्य सब्जी खेती को रौंदकर नष्ट कर दिया। चोगाटांड़ में भी कई किसानों का खेत में लगे सब्जी खेती को नष्ट कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब एक बजे दो हाथी कुटाम गांव में प्रवेश किया और खेतों और घरों को निशाना बनाया। हाथियों का झुंड कुटाम जंगल पहुंचते ही क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सम्बद लोहरा और रंजीत सिंह मुंडा ने वन विभाग से मुआवजा देने और हाथियों को क्षेत्र से भगाने का मांग की।

## एकदिवसीय स्कूल रूआर का शुभारंभ

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय स्कूल रूआर कार्यशाला को लेकर कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय बुंडू में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी प्रमुख राजकुमार बिंझिया, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनि तिर्की, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र मुंडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ड्रॉप आउट बच्चों को नामांकन शिक्षा अभियान चलाने का बैठक हुई। इस कार्यशाला में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अनवर हुसैन, बीआरपी, सीआरपी शिक्षक अपूर्व कुमार बनर्जी, रितु लाल मुंडा और अन्य शिक्षक उपस्थित हुए।

## खूंटी में 28 अप्रैल से होगी कबड्डी प्रतियोगिता



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष गुलाब महतो के नेतृत्व में खूंटी के पर्यटन, कला संस्कृति एवं खेलकूद विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात की और खूंटी जिला कबड्डी संघ द्वारा 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित होनेवाली जूनियर राज्य स्तर कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने का निमंत्रण दिया। संघ के सचिव शिवकुमार महतो ने बताया कि स्व टी मुचीराय मुंडा मेमोरियल 10वी झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 28 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक बिरसा कॉलेज खूंटी के प्रांगण में आयोजित होगी। मंत्री से मुलाकात के दौरान संघ के कोषाध्यक्ष सुमित कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय महतो, कमलेश महतो, बसंत महतो, गौतम प्रधान आदि उपस्थित थे।

## सिलाई मशीन का वितरण



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड एफपीसी सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पलाश ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के द्वारा गठित 4 संकुलों में समूह से जुड़े केवल अनुसूचित जनजाति के 36 सदस्यों को बुंडू अंचल अधिकारी हंस कुमार हेंब्रोम और बुंडू प्रमुख राजकुमार बिंझिंया के द्वारा सिलाई मशीन वितरण किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य अपनी आजीविका की स्थिति की सुदृढ़ करते हुए आय में वृद्धि करना है। इस सामूहिक वितरण कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अनमोल मिंज की उपस्थिति रही इनके साथ बीपीओ अरविंद कुमार पासवान और अन्य सभी जेएसएलपीएस के कर्मियों की उपस्थिति रही।

# जाति-धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को प्रश्रय न दें : सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा कें झामुमो विधाायक सुदीप गुड़िया ने जनता से पील की है कि जाति धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों को प्रश्रय न दें। उन्होंने कहा कि जात-धर्म के नाम पर भड़काने वाले लोग समाज के लिए घातक होते है। विधायक सुदीप गुड़िया गुरुवार को तोरपा प्रखंड के उड़ीकेल गांव में ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो विकास विरोधी होते है। लोगों को बरगलाने का काम करते हैं, ऐसे लोगों की पहचान करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि झामुमो झारखण्ड की माटी की पार्टी है, जो यहां की जनभावना को समझती है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में झारखंड के लोगों की भावना के अनुरूप काम हो रहा है। झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ राज में अबुआ सरकार का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुदीप गुड़िया के रूप में अपना विधायक बनाया है, इनसे काम ले, अपनी समस्या इनके समक्ष रखे, समस्या का समाधान होगा। इसके पूर्व विधायक ने उड़ीकेल गांव में बनने वाली कब्रिस्तान घेराबंदी के निर्माण कार्य की आधारशीला रखी। गांव पहुंचने पर विधायक का पारम्परिक ढंग से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक और जिलाध्यक्ष ने कब्रिस्तान के लिए जमीन देने वाले रेजन कोनगाडी का स्वागत किया। मौके पर जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, झामुमो जिला सचिव सुशील पाहन, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, सिंगराई, शिशिर तोपनो, जयलाल तोपनो, प्रचार जुनुल कंडुलना, सुसारन कोनगाडी, उदय चौधरी आदि उपस्थित थे।

# पंचायतों के सशक्त होने से ही होगा गांवों का विकासः उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाहरणालय खूंटी के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त लोकेश मिश्रा शामिल हुए। कार्यक्रम में उपायुक्त ने सभी को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं दी और पंचायती राज व्यवस्था को लोकतंत्र की नींव बताते हुए इसके सशक्तीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतें देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाती हैं और इनके सशक्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों को लेकर सम्मानित किया गया। रनिया प्रखंड की प्रमुख नेली डहंगा, रनिया प्रखंड की बनई पंचायत की मुखियां वरदानी कंडुलना तथा कर्रा प्रखंड के जरिया पंचायत सहायक राहुल कुमार को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने पंचायती राज विभाग के सभी सदस्यों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक, डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर, पंचायत सहायकगण और अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।

## बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में गुरुवार को निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को विभिन्न प्रकार के टीका लगाया गया। इस संबंध में बताया गया कि सदर अस्पताल चतरा और टंडवा स्वास्थ्य केंद्र के निर्देश पर प्रत्येक माह के चौथा गुरुवार को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया जाता है। शिविर में डीपीटी, खसरा, हेपेटाइटिस, मिजिल्स सहित अन्य कई प्रकार के टीके लगाये गये। इस मौके पर एएनएम फुलकुमारी, सहिया आशा देवी, यशोदा देवी और सहायिका सहित कई लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के बहेरा गांव में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा कर्बला मैदान मे गुरुवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे पिपरवार क्षेत्र के संगठित एंव असंगठित मजदूरो एवं विस्थापितो की कई समस्याओ पर चर्चा की गयी। साथ ही पीट आफिस मे पीने का ठंडा और शुद्ध पेयजल, शौचालय, कैंटीन, रेस्ट सेलटर,सर्विस बुक मे सुधार,आवास आवंटन, मरम्मत, कॉलोनी मे सुचारू रूप से सफाई, सेवानिवृत्त कर्मचारियो का बकाया भुगतान, असंगठित मजदूरो का निजी कंपनियो मे बहाली, कार्यरत कर्मियो को एचपीसी की अनुशंसा के मुताबिक भुगतान, सुविधा मुहैया कराने, आरएंडआर पालिसी के तहत विस्थापितो को नौकरी, मुआवजा, रोजगार,पहचान पत्र, शिक्षा, चिकित्सा आदि मुद्दे पर गहन विचार विमर्श कर संगठन को सशक्त बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक मे युनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एंव सचिव को माला पहनाकर जोरदार स्वागत मजदूरो ने करते हुए बधाई दिया। बैठक मे इकबाल हुसैन,परमेश्वर गंझु, रामचंद्र उरांव, अनिल राम, बीरू मुंडा, मुकेश साव, मोहम्मद नाजिर, हाजी तनवीर,गणेश गंझु, विकास खलखो सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## झामुमो कार्यकर्ता की बेटी की शादी में शामिल हुए विधायक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा कें झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया गुरुवार को कर्रा प्रखंड की बक्सपुर पंचायत के झामुमो अध्यक्ष जोहान आईंद की बेटी के विवाह में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिये। मौके पर विनोद उरांव, राहुल केशरी, सुनीता चोचा, अनुज हेमरोम, अरमान तोपनो, चंदन ठाकुर, संजीव सिंह आदि मौजूद थे।

**जागरूकता :** लापुंग में मनाया गया पंचायती राज दिवस, निकाली गयी प्रभात फेरी

# गांवों के विकास के लिए पंचायत राज व्यवस्था महत्वपूर्ण प्रणाली : सविता

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को सापुकेरा पंचायत भवन में प्रभातफेरी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान मुखिया सविता उरांव, पूर्व पंसस नसीम आलम सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि गांवों के विकास और ग्रामीण जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायत राज व्यवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण प्रणाली हैं। इस दौरान पंचायत के ग्रामीण को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। वहीं पंचायत ने दो पक्षों को आपसी समझौता भी कराया। जिसमें कुछ दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहे मामले में शादी से लड़का द्वारा इनकार किया गया था जिसे सुलह कर जोड़ा को मिलाया गया। लड़का नीरज महतो रातू थाना क्षेत्र के ग्राम हुरहरी, जबकि लड़की पुष्पांजलि कुमारी लापुंग के फतेहपुर की रहने वाली है। जिनका सात जून को विवाह होगा। इसमें दोनों पक्षों को बैठाकर युवक को शादी के लिए राजी कराया गया। इस मौके पर सुदर्शन महतो, महेंद्र महतो, रामचंद्र साहू और विरेंद्र साहू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।


ग्रामीण को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी देतीं मुखिया सविता उरांव।

## बेड़ो में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पाकलमेडी डहुटोली गांव में गुरुवार को 23 वर्षीय एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान दिवाकर महतो के रूप में हुई है। इधर, घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और शव को कब्जे में ले लिया। जिसे शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। थाना प्रभारी ने आशंका व्यक्त की है कि पारिवारिक विवाद के कारण युवक ने आत्महत्या की है।

## सड़क हादसा में दो किशोर घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो-लोहरदगा मार्ग पर खत्री खटंगा मोड़ के समीप कार और बाइक की टक्कर में दो किशोर घायल हो गए। उनकी पहचान बेड़ो थाना क्षेत्र के करंजटोली गांव निवासी संजय गोप (18) और मुन्ना तिर्की (17) के रूप में हुई है। उनके स्वजनों ने बताया कि वे बाइक से बेड़ो दिघिया से अपने घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान बेड़ो-लोहरदगा रोड खत्री खटंगा मोड़ के पास हादसा हुआ। इसके बाद बाइक सवार संजय और मुन्ना को ग्रामीणों ने इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल संजय गोप को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया।

## बाघवार अकादमी के विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** बाघवार अकादमी परिसर में गुरुवार को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड परीक्षा (10 दिसंबर 2024) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। बच्चों को पदक एवं प्रमाणपत्र विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार द्वारा दिया गया। कहा कि यदि किसी व्यक्ति में सच्ची निष्ठा और लगन हो, तो कोई भी मंज़िल असंभव नहीं होती। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्णा सिंह ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरुण बाघवार, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## मांदर वादक बिशुन मुंडा का निधन




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** रांची के चुटिया निवासी वरीय मांदर वादक बिशुन मुंडा का गुरुवार को निधन हो गया। टाइफाइड से ग्रसित बिशुन मुंडा का पिछले एक सप्ताह से इलाज चल रहा था। इस दिन अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल जाने के क्रम में उनकी तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। नागपुरी परिषद, नागपुरी साहित्य संस्कृति मंच और नागपुरी संस्थान पिठोरिया की ओर से निधन पर संवेदना व्यक्त की गई। नागपुरी समाज उनके आकस्मिक निधन पर बहुत दुखी है।

## जंगली हाथी के हमले में दो घायल

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राजाडेरा महुआटोली में गुरुवार की रात जंगली हाथी के हमले में पुनीलाल सिंह (58) घायल हो गया। वहीं मनोहर सिंह (28) जान बचाने के लिए भागने के क्रम में गिर गया, जिससे उसका पैर टूट गया है। बताया जा रहा कि रात में जंगली हाथी से अचानक पुनीलाल और मनोहर का सामना हो गया। पुनीलाल को हाथी ने सुढ़ में लपेट कर पटक दिया, जिससे उसे गंभीर चोट लगी है। वहीं, ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत सीएचसी पहुंचाया जहां से पुनीलाल को रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## अबुतल्लाह अंसारी बनाये गये कांके प्रखंड के वित्त विभाग के विधायक प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** विधायक सुरेश बैठा ने पिठोरिया थाना क्षेत्र के बता कनादू गांव निवासी अबुतल्लाह अंसारी को कांके प्रखंड के वित्त विभाग का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक ने उम्मीद जताई है कि अबुतल्लाह अंसारी अपने दायित्व के निर्वहन में शत प्रतिशत खरा उतरेंगे। वहीं, अबुतल्लाह अंसारी के चयन से कांग्रेस के नेताओं- कार्यकर्ताओं में खुश हैं।



## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया



**मांडर/चान्हो (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड मुख्यालय सभागार और सोंस में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायत को स्वच्छ रखने का शपथ लिया। साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया। अधिकारियों और पंचायत समिति के सदस्यों ने पंचायती राज व्यवस्था के विकास और सुधार के लिए अपने-अपने विचार साझा किए। पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए योजनाएं बनाई गईं। मौके पर नोडल पदाधिकारी सह सीओ, उप प्रमुख अमानत अन्सारी, सोंस मुखिया विमला देवी, पंचायत सेवक फैयाज आलम, सीताराम साहू, अर्पणा कुजूर, संचिता कुमारी, कुलदीप कुजूर, रूमोला कुजूर मासूक अली, सुगीता उरांव, सुमति और रिंकू कच्छप आदि उपस्थित थे।

## चिरंजीव किड्स के बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची के होंबई केदल स्थित चिरंजीवी किड्स में छोटे-छोटे बच्चों ने गुरुवार को खुद से पौधे लगाकर पृथ्वी दिवस मनाया। प्राचार्य निधि कुमारी ने बताया कि सभी बच्चों को एक-एक पौधा उपहार दिया गया। कहा कि अपेक्षा है कि बच्चे अपने माता-पिता के सहयोग से प्रतिदिन घर में उसका पोषण करेंगे। छोटे बच्चों के मन-मस्तिष्क में पेड़- पौधों एवं प्रकृति से एक संवेदनशील संबंध बनाने के लिए चिरंजीवी किड्स का यह बेहतर पहल है। वहीं, सेवानिवृत प्राचार्य अवनिंद्र सिंह ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार गढ़ने का यह सही समय है। मौके पर प्राचार्य निधि कुमारी, शिक्षिका रश्मि, अन्नी सिन्हा, रेखा, कामिनी और अमोल आदि उपस्थित थे।

## खलारी में सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत, सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के खलारी-बिजुपाड़ा रोड के हुटाप मोड़ में एक सड़क दुर्घटना में हुटाप निवासी नजीम अंसारी (45 वर्ष) की मौत हो गई। दुर्घटना गुरूवार रात करीब सवा आठ बजे हुई। नजीम खलारी के गुरूवार साप्ताहिक हाट से नींबू बेचकर अपनी स्पलेंडर मोटरसाइकिल जेएच 01 एएक्स/6409 से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रांची की ओर से आ रही एक यात्री बस ने उसे सीधी टक्कर मार दी। धक्का मारकर चालक बस लेकर भाग निकला। वहीं सूचना मिलते ही खलारी पुलिस उसे लेकर डकरा स्थित सीसीएल सेंट्रल अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हुटाप व आसपास के ग्रामीण आक्रोषित हो गए और शव के साथ हुटाप मोड़ पर सड़क जाम कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम था। नजीम अंसारी की पांच बेटियां व एक बेटा है। जिनमें दो बेटी की शादी हो चुकी है। गुरूवार दिन में हुटाप मोड़ में ही एक अन्य सड़क दुर्घटना में नजीम की एक बेटी भी जख्मी हो गई है। घटना के बाद नजीम के पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है वहीं ग्रामीणों में आक्रोश है।

**हुटाप में पूर्व में हो चुकी है कई सड़क दुर्घटना :** खलारी के हुटाप मोड़ व आसपास में पूर्व में कई सड़क दुर्घटनाओं मे लोगों की जान गयी है। मालूम हो कि हुटाप मोड़ में हजारीबाग-बिजुपाड़ा सड़क तथा मैकलुस्कीगंज पतरातू सड़क का जंक्शन है। वहीं मोड़ भी काफी तीखा है। रांची की ओर से आने वाले वाहन घाटी से आने के क्रम में काफी तेज गति से मोड़ पर पहुंचते हैं। मोड़ के आसपास काफी आबादी भी बसी हुई है। वाहनों की अनियंत्रित गति के कारण हर समय जोखिम की स्थिति बनी रहती है। पिछले दिनों हुई एक सड़क दुर्घटना के बाद खलारी पुलिस द्वारा सड़क पर अवरोध भी लगाया गया है ताकि गति नियंत्रित रह सके।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध ओरमांझी में निकाली गयी आक्रोश रैली




आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को जात पूछकार पर्यटकों की हत्या किये जाने के खिलाफ गुरुवार को ओरमांझी में मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। ओरमांझी पूजा समिति के नेतृत्व में मौन और आक्रोश मशाल मार्च निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। जुलूस की शुरूआत ओरमांझी थाना चौक से हुई, जो शंकर चौक होते हुए पुनः थाना चौक पर पहुंचकर समाप्त हुआ। हाथों में जलती मशालें, 'पाकिस्तान मुदार्बाद', 'आतंकवाद मुदार्बाद आदि नारे लिखी तख्तियों के साथ ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री शशि मेहता ने कहा कि पहलगाम की यह घटना हमारी धार्मिक आस्था, संस्कृति और मानवता पर सीधा हमला है। अब हिंदू समाज चुप नहीं रहेगा। गांव-गांव से ऐसी घटनाओं के विरोध में मशाल उठेगी। वहीं, मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाइक ने कहा कि हमें अपने वीर सैनिकों और भारत सरकार पर पूरा भरोसा है। इसका उचित और निर्णायक उत्तर दिया जाएगा। वहीं, पूजा समिति के अध्यक्ष रामकुमार महतो ने कहा कि यह केवल एक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट संदेश है। इस मौके पर रामकुमार महतो, दीपक बड़ाइक, दुर्गा शंकर साहू, अजय सिंह, उमाशंकर साहू, शिव कुमार मेहता, सत्यनारायण तिवारी, दिलीप मेहता, राजेश गुप्ता, शंकर महतो, रामचंद्र साहू, कुलदीप तिवारी, संतोष गुप्ता, आंनद महतो, विक्रांत तिवारी, दीनदयाल लोहार मुंडा, कुमार सौरभ, गणेश महतो, सीताराम लाल गुप्ता, रवि महतो, रोहन बर्मन, संतोष कुशवाहा, पवन साहू, मनोज महतो, भीम मुंडा, शंकर गुप्ता, दिवाकर साहू, वीजू गुप्ता, सोहन महतो, ललिता मेहता, कविता चौधरी, मीना देवी, शांति नायक, किरण देवी, ममता देवी, उषा देवी, रिना देवी, पंचम देवी, रुपा देवी, सुनील नायक, अभय कुजूर और सीताराम महतो आदि उपस्थित थे।

## मुस्लिम अधिकार मंच का कैंडल मार्च




आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** मुस्लिम अधिकार मंच के तत्वावधान में गुरुवार की रात सात बजे कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च जामा मस्जिद बाजार टांड़ के निकट से शुरू होकर गुलजार रोड तक गयी। कैंडल मार्च में शामिल लोग 'पाकिस्तान मुदार्बाद', 'हत्यारों फांसी दो' सहित कई अन्य नारे लग रहे थे। इस अवसर पर मुस्लिम अधिकार मंच के अध्यक्ष अफसर इमाम ने पहलगाम में आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से मृतकों के आश्रितों पांच करोड़, राज्य सरकार से 50 लाख की मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की है। वहीं, मंच के उपाध्यक्ष सह आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम ने आतंकी और साजिश रचने वाले पाकिस्तान को सबक सिखाने की बात कही। इस मौके पर मो अकील, मो रिजवान, मो नेसार अंसारी, सईद अंसारी, जियाउल खान, रोजित अंसारी, मो मिन्नत, मो सरफराज, मो खुर्शीद आदि शामिल थे।

## पहलगाम हमले के आतंकियों का मांडर में हुआ पुतला दहन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विभिन्न संगठनों ने गुरुवार को समाज सेवी इरशाद इमाम के नेतृत्व में ब्राम्बे के हाजी इमाम अली चौक पर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। साथ ही साथ मृतक परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि पूरा देश उनके साथ है। इस अवसर पर लोगों ने आतंकवाद मुदार्बाद, पाकिस्तान मुदार्बाद, हत्यारो को फांसी दो आदि नारे लगाये। वक्ताओं ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की। कहा कि आतंकवादी कोई भी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस मौके पर रांची जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव रंजन, साकिर इस्लाही, रांची जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद, प्रकाश तिग्गा, नासिर अंसारी, हसन अंसारी, जबार अंसारी, तनवीर इमाम, शाहबाज आलम, रामे उरांव, फैसल अंसारी और रेयाजुल अंसारी आदि शामिल थे।

## आइएसटीडी रांची चैप्टर ने मनाया 55वां स्थापना दिवस




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आइएसटीडी) रांची चैप्टर ने अपने 55वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया। 'कैंपस टू कॉर्पोरेट' थीम पर आधारित यह आयोजन झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और ट्रेनिंग प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। इसके बाद मंच पर उपस्थित विशेषज्ञों ने छात्रों को कॉर्पोरेट जीवन की वास्तविकताओं से परिचित कराया और करियर निर्माण की दिशा में उपयोगी सुझाव दिए। आइएसटीडी के नेशनल काउंसिल मेंबर एनके ओझा, प्रो (डॉ) रमन बल्लभ, डॉ पीसी मिश्रा और विवेक कृष्णा जैसे वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान, कम्यूनिकेशन स्किल्स और आत्मविकास पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। बताया कि कॉलेज से कॉर्पोरेट की यात्रा में तैयारी और सही दिशा कितनी महत्वपूर्ण होती है। आईएसटीडी रांची चैप्टर के अध्यक्ष एमके गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय भाषण में संस्था की उपलब्धियों और प्रशिक्षण क्षेत्र में इसके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव मिथिलेश उपाध्याय ने, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नागेश झा ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के फैकल्टी सदस्य मंगल टोपो, पुर्नेंदु पंकज, कमलकांत, गौरव प्रियदर्शी, राहुल रंजन उरांव, कुमार अविनाश एवं एनटीपीसी बरकागांव आईटीआई के संजीत कुमार मेहता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। बतातें चलें कि 1970 में स्थापित आईएसटीडी आज देशभर में 12 हजार से अधिक सदस्यों और 50 से अधिक चैप्टर्स के साथ प्रशिक्षण और विकास के क्षेत्र में अग्रणी संस्था के रूप में कार्य कर रही है।

